# दो तालाब से इंदौर रोड तक फोरलेन, सिक्स लेन से जुड़ेगी सड़क

**▸ सैकड़ों मकान-दुकान हटेंगे, चौड़ीकरण और विकास पर फोकस**



**उज्जैन।** दो तालाब से भार्गव नगर तक सड़क के निर्माण के लिए लगभग 300 से ज्यादा मकान दुकान को हटाया जा रहा है और प्रभावित परिवारों को पंवासा क्षेत्र में पुनर्वास के लिए भूखंड प्रदान किए जा रहे हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि सिंहस्थ से पहले इस मार्ग को विकसित कर शहर में यातायात को सुगम बनाया जाए।

सिंहस्थ 2028 को सुव्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियों को तेज कर दिया है। सिंहस्थ मेला कार्यालय में संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें सिंहस्थ के दौरान किए जाने वाले अस्थायी कार्यों के साथ-साथ शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण और अधोसंरचना विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सिंहस्थ महापर्व के दौरान लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेला क्षेत्र के समतलीकरण, जल प्रदाय व्यवस्था, घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी शौचालय एवं स्नानगृह निर्माण, कचरा प्रबंधन तथा शहर के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। संभागायुक्त आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने प्रस्तावित अस्थायी कार्यों की सूची शीघ्र अंतिम रूप में प्रस्तुत करें और एक समग्र एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें, ताकि समयबद्ध तरीके से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें। प्रशासन द्वारा शहर के आरोही की प्रगति जानी, प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण और नए कनेक्टिंग मार्गों के निर्माण को सिंहस्थ की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संभागायुक्त आशीष सिंह ने फ्रीगंज रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में भार्गव नगर से दो तालाब के बीच निर्माणाधीन सड़क का भी निरीक्षण किया गया। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत दो तालाब से इंदौर रोड तक सड़क के चौड़ीकरण और फोरलेन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। यह मार्ग ऋषिनगर होते हुए नागझिरी तक जाएगा और इंदौर रोड से सीधा जुड़कर एक महत्वपूर्ण यातायात लिंक बनेगा। अधिकारियों का मानना है कि सड़क चौड़ीकरण, नए मार्गों का निर्माण, रेलवे ओवरब्रिज और अन्य अधोसंरचना विकास कार्य पूरे होने के बाद उज्जैन में यातायात व्यवस्था मजबूत होगी। इससे न केवल सिंहस्थ 2028 में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि उज्जैन और इंदौर के बीच कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी और शहर को स्थायी यातायात राहत मिलेगी।

### एमपीआरडीसी के कार्यों पर चर्चा

सिंहस्थ की तैयारियों के साथ शहर में यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सड़क चौड़ीकरण और नए मार्गों के निर्माण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में एमपीआरडीसी के अधिकारियों के साथ बैठक कर उज्जैन-इंदौर ग्रीनफील्ड मार्ग और उज्जैन-जावरा नवीन मार्ग के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। संभागायुक्त ने अधिकारियों को साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित कर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि आरओबी, सेतु और अन्य बड़े अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई जा रही है।

# विशेष छूट का आज अंतिम दिवस

**उज्जैन।** शासन निर्देशानुसार बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा कराने पर नेशनल लोक अदालत के तहत अधिभार (सरचार्ज) में दी जाने वाली विशेष छूट का प्रावधान 31 मार्च 2026 तक किया गया है। छूट का लाभ प्राप्त करने में अब अंतिम दिन शेष है करदाता आज ही बकाया संपत्तिकर जमा कर छूट का लाभ प्राप्त करें।

नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपये तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। सम्पत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपये से अधिक तथा एक लाख रुपये तक है उनमें 50 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। सम्पत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर तथा अधिभार की राशि 01 लाख रुपये से अधिक बकाया है उसमें अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। जल कर, उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण, जिनमें जल कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपये तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी तथा 50 हजार तक बकाया है जिसमें अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक बकाया है। उनमें अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी, यह छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी।

### करदाताओं से महापौर मुकेश टटवाल की अपील

महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, राजस्व विभाग प्रभारी रजत मेहता एवं जलकार्य एवं सीवरेज प्रभारी प्रकाश शर्मा ने करदाताओं से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त कर बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा करें।

## एक नजर में



### क्षत्रिय मराठा समाज का सम्मान समारोह

**उज्जैन।** 24 खंभा महाकाल घाटी स्थित क्षत्रिय मराठा समाज की धर्मशाला में भगवान की तली भंडार महाआरती एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज अध्यक्ष अनिल धर्मे के नेतृत्व में श्री मल्हार मार्तंड मंदिर में तली भंडार महाआरती के साथ हुआ। महाआरती के पश्चात स्नेह मिलन, सम्मान समारोह एवं महिला कार्यकारिणी नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विगत दिनों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सफल बनाने वाले सहयोगियों, कलाकारों एवं समाजजनों का सम्मान करना तथा समाज की महिला इकाई को सशक्त बनाना रहा। इस अवसर पर समाज की नवनियुक्त महिला मंडल कार्यकारिणी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसमें अध्यक्ष के रूप में सुनयना पवार, सुलभा काटे, दीपा गावडे एवं निधि जाधव, कामिनी मोरे, ज्योति इंगले, प्रति कदम एवं ज्योति सपकाले, शैली इंगले, सलोनी पवार एवं ईशानी इंगले को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नलिनी करे, दिशा भोसले एवं सुप्रिया जाधव शामिल रहीं। प्रतिभाशाली कलाकारों का सम्मान करते हुए सुनयना पवार, प्रीति कदम, दिशा भोसले, ममता खोयरे, जानवी खोयरे, लीना थोरात एवं सिया मोरे को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण लर्निंग लाइसेंस शिविर रहा, जिसमें समाज के सदस्यों के लिए टू-व्हीलर एवं फोर-व्हीलर के लर्निंग लाइसेंस बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके तहत महिलाओं के लिए 150 रुपये एवं पुरुषों के लिए 550 रुपये का नाममात्र शुल्क निर्धारित किया गया। कार्यक्रम की जानकारी समाज सचिव श्री अनिल गावड़े द्वारा दी गई, जबकि आभार प्रदर्शन महिला मंडल की वरिष्ठ उपाध्यक्ष निधि जाधव ने किया।

### मजदूरी करने वाले युवक ने खाया जहर, मौत

**उज्जैन।** ससुराल में रहकर मजदूरी करने वाले युवक ने रविवार दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया हालत बिगड़ने पर पत्नी को जानकारी दी। उसे अस्पताल लाया गया लेकिन रात में मौत हो गई। मृतक एक माह पहले ही ससुराल में रहने आया था। गौतमपुरा में रहने वाला गोविंद पिता सुखराम दाहिमा 32 वर्ष एक महा पहले अपने ससुराल ग्राम दंगवाड़ा इंगोरिया आ गया था और मजदूरी करने लगा था। पत्नी और दो बच्चे भी उसके साथ ही रह रहे थे। रविवार दोपहर गोविंद ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने लगी तो पत्नी मंजू को जहर खाने की जानकारी दी। पत्नी परिवार की मदद से पति को उपचार के लिए उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंची, डॉक्टर ने हालत गंभीर होना देख उपचार के लिए भर्ती कर लिया, लेकिन कुछ घंटे बाद गोविंदा की मौत हो गई। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान जीजा भैरुलाल ने बताया कि गोविंद ने जहर क्यों खाया है इसकी वजह सामने नहीं आ पाई है। परिवार में कोई वाद विवाद भी नहीं हुआ था। गोविंद एक माह से ससुराल में ही रहकर मजदूरी का काम कर रहा था।

### भाजपा दौलतगंज मंडल में प्रशिक्षण वर्ग शुरू

**उज्जैन।** भाजपा नगर द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत भाजपा दौलतगंज मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। सोमवार को विभिन्न सत्रों में पार्टी के वरिष्ठ वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को विस्तृत प्रशिक्षण देकर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। भाजपा दौलतगंज मंडल अध्यक्ष विजय सिंह चौहान ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग के दौरान वक्ताओं ने भाजपा का इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, केंद्र सरकार की योजनाएं, कार्य पद्धति और कार्यकर्ता संभाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यकर्ताओं को विस्तृत प्रशिक्षण दिया। शुभारंभ सत्र को विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने भी संबोधित किया। प्रशिक्षण वर्ग में वक्ता के रूप में भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महापौर मुकेश टटवाल, डॉ प्रभुलाल जाटवा, जगदीश अग्रवाल, विवेक जोशी और कमल बैरवा ने कार्यकर्ताओं को अलग-अलग विषयों पर संबोधित किया।

# मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के नाम 4 .25 लाख की धोखधड़ी

**उज्जैन।** मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर हुई लाखों धोखाधड़ी के मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच लिया गया है। एडमिशन के पटेल परिवार बिहार पहुंचा था। इस दौरान उन्हें धोखाधड़ी जानकारी मिली।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि मंछामन कॉलोनी रहने वाले सतीशचंद्र जोरावरसिंह पटेल के भाई का लड़का गौतम पिता महेश सतना मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है। फरवरी माह में बताया कि बिहार के स्थित मेडिकल कॉलेज प्रोफेसर चंद्रशेखर वाघमारे से जानकारी मिली कि कटिहार मेडिकल कॉलेज में सीट है। सतीशचंद्र ने अपने बेटे का एडमिशन मेडिकल कॉलेज कराए जाने को लेकर वाघमारे से संपर्क किया। कटिहार मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल आरबी गुप्ता का मोबाइल नंबर दिया। जिनसे संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि एक छात्र की मृत्यु होने पर की सीट खाली हुई है। उन्होंने ईमेल आईडी मांगा और एडमिशन की डिटेल भेजी जिसमें फीस का लिए उल्लेख भी था।

उन्होंने फीस जमा करने के लिए खाता नंबर की भी दिया जो पश्चिम बंगाल के रहने वाले जयंत सरकार के नाम से था। सतीशचंद्र ने दो से तीन किश्त में फीस के 4.25 लाख में रुपए जमा कर दिए और पिता एडमिशन के लिए बिहार के कटिहार पहुंच गए। जहां उन्हें प्रिंसिपल आरबी गुप्ता मिले लेकिन उन्होंने फीस जमा होने और सीट खाली होने की बात से साफ इंकार कर दिया। उन्होंने के सतीशचंद्र द्वारा उनके नाम से जिस मोबाइल पर बात की गई वह नंबर भी गलत होना बताया। अपने साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी सामने आने पर बिहार से लौटे सतीशचंद्र ने एक माह बाद मामले की शिकायत नीलगंगा थाना पुलिस को दर्ज कराई।

# निगम में किया सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान

**▸ कर्मचारियों को श्रीमद् भगवद गीता और प्रशस्ति पत्र किए भेंट**

**उज्जैन। नगर निगम परिवार में अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का नगर निगम द्वारा सेवानिवृत सम्मान समारोह सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित करते हुए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों का एमआईसी सदस्य डॉ. योगेश्वरी राठौर, उपायुक्त मनोज मौर्य द्वारा शाल, श्रीफल, भगवत गीता, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।**

इस अवसर पर नगर निगम में दीर्घ एवं गौरवशाली सेवाकाल पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी रविंद्र पिता केवल राम त्रिवेदी सहायक वर्ग 3 राजस्व विभाग, इब्राहिम पिता छोटिया श्रमिक शिल्पज्ञ विभाग, फातमा पति कासिम सफाई संरक्षण स्वास्थ्य विभाग, रफीक पिता बाबू सफाई संरक्षण स्वास्थ्य विभाग, बालकिशन परमार वायरमैन पीएचई विभाग, मदन लाल चौहान बागवान पीएचई विभाग, सुरेंद्र राठौर ड्राइवर पीएचई विभाग का सम्मान किया गया।

इस दौरान सहायक यंत्री डीएस परिहार, राकेश वास्कले, झोनल अधिकारी, श्याम शर्मा, कर्मचारी संघ से डॉ पवन व्यास, मनसुख मेहरवाल, शैलेश नागर, रमेश रघुवंशी एवं निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चोर समझ ग्रामीणों ने युवक के साथ की जमकर मारपीट

**उज्जैन। रात में घर की लाइट बंद होने पर बिजली का तार सही करने पहुंचे युवक को ग्रामीणों ने कर समझ लिया और बुरी तरह मारपीट की। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

पंवासा थाना क्षेत्र के ताजपुर स्थित ग्राम उमरिया जागीर में रहने वाले अनिल पिता कैलाश द्वारा बिजली के पोल से लाइट ले रखी है। पड़ोस में रहने वाले नाथू बा का मकान बन रहा है, बिजली के तार पड़ोसी के मकान की दीवार से होते हुए अनिल के घर तक आ रहे हैं। हवा चलने और काम की वजह से कई बार तार हिल जाता है और लाइट बंद हो जाती है। बीती रात भी अनिल के घर की लाइट बंद हो गई और वह पड़ोसी के घर के समीप दीवार पर से गुजर रहे तार को सही करने पहुंचा। इसी दौरान नाथू ने चोर चोर का शोर मचा दिया। तभी पास में रहने वाले पप्पू कान्हा और ललिया मौके पर पहुंचे अंधेरा होने पर उन्होंने अनिल को चोर समझ कर पकड़ लिया और बुरी तरह मारपीट की। मारपीट में गंभीर घायल अनिल को परिजन उपचार के लिए उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे हैं। घायल के अनुसार उसे चोर समझ कर मारपीट करने वालों से 4 साल पुराना विवाद भी चला आ रहा है। फिलहाल पुलिस घायल के बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# चिमनगंज थाने पर तैनात होमगार्ड सैनिक की मौत

**▸ पुलिसकर्मियों ने दिया सीपीआर, चरक अस्पताल में 1 घंटे उपचार**





**उज्जैन।** चिमनगंज थाने पर तैनात होमगार्ड सैनिक सोमवार सुबह अचानक गिर गया। पुलिस कर्मियों ने उसे उठाने का प्रयास किया लेकिन नहीं उठा तत्काल ही सीपीआर दिया गया और उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। 1 घंटे बाद सैनिक की मौत हो गई।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया ने बताया कि हरीलाल मालवीय होमगार्ड सैनिक था और करीब डेढ़ साल से उसकी तैनाती थाने पर थी। कुछ समय से वह अस्वस्थ चल रहा था टीबी के चलते लंस भी खराब हो चुके थे। सोमवार सुबह ड्यूटी के दौरान अचानक गिर गया और बेहोशी की हालत में चला गया। पुलिस कर्मियों ने उसे सीपीआर दिया और उपचार के लिए पुलिस वाहन से चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने उपचार के लिए भर्ती किया इस दौरान बीपी काफी कम हो चुका था लंस खराब होने की वजह से बीपी कवर नहीं हो पाया और 1 घंटे बाद होमगार्ड सैनिक की मौत हो गई। अस्पताल लाने के दौरान ही परिजनों को सूचना दी गई थी जो चरक अस्पताल पहुंच गए थे। सैनिक का निधन होने के बाद परिजन बॉडी अंतिम संस्कार के लिए अपने साथ ले गए। मृतक सैनिक पीपलीनाका का रहने वाला था और दो बच्चों का पिता था। परिजनों ने पोस्टमार्टम से भी इंकार कर दिया।

### कचरा घर में लगी आग, दमकलों ने पाया काबू

**उज्जैन।** हरिफाटक ब्रिज के पास जंतर मंतर मार्ग पर नगर निगम का कचरा घर बना हुआ है जहां शाम 5 बजे के लगभग अचानक आग लग गई। कुछ देर में ही नीलगंगा क्षेत्र में धुआ ही धुआ दिखाई देने लगा। कचरा घर से लपटे उठ रही थी। आगजनी की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की धमकलें और पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ देर बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। नीलगंगा थाना पुलिस के आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है वहीं आग लगने की वजह भी सामने नहीं आ पाई है।

# महाशक्ति का सामना कर शांति का संदेश देता नाटक हड्डी का मंचन



**उज्जैन।** बच्चों में रंगकर्म के संस्कार रोपित करने के उद्देश्य से सिंधु प्रवाह अकादमी द्वारा कालिदास अकादमी के पंडित सूर्यनारायण व्यास संकुल में रविवार को सुप्रसिद्ध नाटककार असगर वजाहत रचित नाटक हड्डी और विभिन्न आकर्षक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। यह आयोजन अकादमी की 19 दिवसीय नवांकुर नाट्य-नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन अवसर पर हुआ।

समारोह में रूप पमनानी, गोविंद गंधे, डॉ. शिव चौरसिया और चिमनदास लखानी बतौर अतिथि उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष कुमार किशन ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि संचालन और आभार प्रदर्शन संस्था उपाध्यक्ष डॉ. पल्लवी किशन ने किया। संस्था के कोषाध्यक्ष राजकुमार परसवानी ने बताया कि 11 से 29 मार्च तक आयोजित इस कार्यशाला में लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया। नाटक का प्रशिक्षण कुमार किशन और नृत्य का डॉ. पल्लवी किशन ने दिया। इस अवसर पर संजय शर्मा, माया बधेका, सुंदरलाल मालवीय, रवींद्र देवलेकर, शीला व्यास, नरेंद्र सबनानी और सुदर्शन आयाचित सहित शहर के कई वरिष्ठ कलाकार और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### इन बाल कलाकारों ने बिखेरी प्रतिभा की छटा

नाटक में शांतनु भागचंदानी, परिधि उत्तमानी और कुणाल खत्री रहे। अन्य में स्तुति खत्री, चिराग सामदानी, चिराग तोलानी, देवेशी चौहान, यशस्वी लुधरानी, अबीर राठौर ने शानदार अभिनय किया। वहीं नृत्य प्रस्तुतियों के अंतर्गत कुमारी काश्वी नागर ने शिव स्तुति ईशान्वी राठौर ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

# पड़ोसियों ने महिला के साथ की मारपीट

**▸ मानसिक बीमार भाई से विवाद कर रहे थे, समझाने पर पीटा**

**उज्जैन। अपने मानसिक रूप बीमार भाई से विवाद कर मारपीट करने वाले पड़ोसियों को समझने पहुंची बहन के साथ पड़ोसियों ने मारपीट कर दी। महिला को परिवार ने अस्पताल में भर्ती कराया है।**

चिमनगंज थाना क्षेत्र के प्रेम नगर में रहने वाली अर्चना पति अक्षय राठौर 35 साल का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है। महिला ने बताया कि उसका भाई अमित मानसिक रूप से बीमार है। जिसके साथ पड़ोस में रहने वाले छोटू और उसकी पत्नी पूजा ने विवाद किया था और मारपीट की थी। भाई के साथ हुई मारपीट का विरोध करने और पड़ोसियों को समझने पहुंची तो पूजा और उसके पति ने अपने रिश्तेदार नंदिनी और सिया के साथ मिलकर उसके साथ ही मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। अर्चना ने बताया कि वह शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंची थी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी परिवार उसे अस्पताल लेकर आया है। वही मामले में पुलिस का कहना था कि शिकायत दर्ज करने कोई नहीं आया था महिला के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिली है बयान दर्ज किए जाएंगे।

# 49 बच्चों ने सीखे जीवन कौशल और धार्मिक संस्कार

**▸ बाल संस्कार पाठशाला : 6 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का भव्य**
**▸ समापन, की 150 सामयिक साधना**



**उज्जैन।** श्री महावीर जैन स्थानकवासी न्यास सुभाष नगर द्वारा संचालित बाल संस्कार पाठशाला के छह दिवसीय ग्रीष्मकालीन संस्कार शिविर का भव्य समापन हुआ। 24 से 29 मार्च तक चले इस शिविर में बच्चों ने धार्मिक ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल की बारीकियों को भी समझा।

शिविर में 3 से 15 वर्ष तक के 49 बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भक्तिमय वातावरण में नन्हें बच्चों ने मिलकर लगभग 150 सामायिक की साधना की। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को सामायिक का मर्म, 25 बोल, 67 बोल, 14 स्वप्न और तीर्थंकर चिह्नों के महत्व से अवगत कराया। इसके साथ ही, आज के युग में स्मार्ट वर्क और लाइफ स्किल्स की उपयोगिता पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।

### अतिथियों ने की संस्कारों की सराहना

समापन समारोह में रोहिणी लोढ़ा एवं अमिता मेहता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों द्वारा सीखे गए संस्कारों की सराहना की। शिविर को सफल बनाने में अर्चना बापना, ऋतु जैन, दीपिका मारू, हेमा दलाल, अखिला जैन, विनय कोठारी, प्रवीण चौरड़िया और यश जैन ने अपनी निस्वार्थ सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम का सफल संचालन ऋतु जैन ने किया एवं अंत में विनय कोठारी ने सभी आगंतुकों व सहयोगियों के प्रति आभार माना।

**बेमौसम बारिश** ▸ मार्च माह में बढ़ते तापमान के बीच ओलावृष्टि, अंचल में भी जमकर बरसे बदरा, अनेक जगहों से ओले गिरने के भी समाचार

# बारिश-ओलावृष्टि से बदला महाकाल की नगरी का मौसम





**उज्जैन।** मार्च माह में बढ़ते तापमान के बीच एक बार फिर मौसम में सोमवार दोपहर बदलाव आ गया। बादलों की जमावट के साथ गर्मी से राहत मिलने लगी थी। इसी बीच शाम ढलने के साथ बारिश की शुरूआत हो गई और रात 8.30 बजे झमाझम तरीके से ओलावृष्टि हुई। वहीं जिले ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश के साथ ओले गिरने की खबर प्राप्त हुई है। वहीं उन्हेल में तो काफी तेज बारिश के साथ ओले गिरे। उत्तर भारत में मौसम की उथल-पुथल और नए चक्रवाती सिस्टम से गर्मी के सीजन में बारिश का मौसम बन चुका है। मौसम विभाग ने पहले ही बदलाव के संकेत जारी कर दिये थे। जो सोमवार को सही साबित हुए है। दोपहर से धार्मिक नगरी उज्जैन का मौसम बदलने लगा था। आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो चुकी थी और 37 डिग्री के करीब पहुंच चुके तापमान में गिरावट आने लगी। गर्मी से लोगों को राहत महसूस हो रही थी। हवा की रफ्तार शाम ढलने पर 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की हो गई थी। जिसमें ठंड के साथ मिट्टी की खूशबू उठ रही थी। शाम 6 बजे बूंदाबादी शुरू हुई। जो धीरे-धीरे तेज रफ्तार पकड़ने लगी। रात 8.30 बजे बारिश के साथ तेज ओलावृष्टि शुरू हो गई। अचानक शुरू हुई ओलावृष्टि के बाद लोगों बचते नजर आने लगे। सड़कों पर आवाजाही पूरी तरह से थम गई। चार पहिया वाहनों की छत से लेकर घरों की छतों पर टपाटप की आवाजे सुनाई देने लगी। रात में मौसम पूरी तरह से बदला चुका था। मौसम विभाग ने कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहने की संभावना जताई है। कहा जा रहा है कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर की ओर से आ रही नमी के साथ पश्चिम विक्षोभ के कारण मौसम में बड़ा बदलाव आया है।